**SET – 4**

**Series : GBM/1**

**कोड नं.**
**Code No.** **98/1**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# उद्यमिता

# ENTREPRENEURSHIP

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्नों की कुल संख्या **24** है ।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिये गये हैं ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **1** से **5** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **6** से **10** तक लघु-उत्तर-**I** वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **11** से **17** तक दीर्घ-उत्तर-**I** वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं ।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **18** से **21** तक दीर्घ-उत्तर-**II** वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं ।*

*(viii) प्रश्न संख्या **22** से **24** तक निबन्धात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं ।*

*(ix) प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त और सारगर्भित हों ।*

*(x) प्रश्नों के उत्तर देने से पहले उनके क्रमांक नंबर अवश्य लिखें ।*

**General Instructions :**

*(i) **All** questions are compulsory.*

*(ii) There are total **24** Questions in all.*

*(iii) Marks for each question are indicated against it.*

*(iv) Questions **1** to **5** are Very Short Answer type carrying **1** mark each.*

*(v) Questions **6** to **10** are Short Answer Type-**I** questions carrying **2** marks each.*

*(vi) Questions **11** to **17** are Long Answer Type-**I** questions carrying **3** marks each.*

*(vii) Questions **18** to **21** are Long Answer Type-**II** questions carrying **4** marks each.*

*(viii) Questions **22** to **24** are Essay Answer Type questions carrying **6** marks each.*

*(ix) Answers should be brief and to the point.*

*(x) Please write down the serial number of the Question before attempting it.*

1. कुमार एक कृषक परिवार से सम्बन्धित है । एक दिन स्थानीय खण्ड विकास कार्यालय से कृषि सम्बन्धी अतिरिक्त सुअवसरों की चर्चा करने के लिए एक टीम ने उनके गाँव का दौरा किया । टीम ने ग्रामीणों के साथ मत्स्य विकास कैसे किया जाए, के विषय में चर्चा की । टीम ने तालाब निर्माण की तकनीक के विषय में समझाया तथा मत्स्य विकास की आधुनिक तकनीक के बारे में भी जानकारी दी । टीम ने यह भी जानकारी दी कि जो कृषक इस व्यवसाय को अपनायेंगे उन्हें राज्य सरकार का कृषि विभाग 2½% प्रति वर्ष की ब्याज दर से ऋण उपलब्ध कराएगा तथा कृषकों की मछली विपणन में सहायता भी करेगा । कुमार ने अपने आपको मछली उत्पादन व्यवसाय में लगाने का निर्णय किया ।

   उस 'विचार क्षेत्र' की पहचान कीजिए जिससे कुमार को अपने आपको मछली उत्पादन के धंधे में लगाने में सहायता मिली । **1**

Kumar belongs to a farmer's family. One day a team of officials from the local block development office visited his village for discussing additional opportunities related to agriculture. The team discussed with the villagers how to develop fishery. The team explained about the technique of construction of ponds and the modern technology of growing fishes. The team also informed that the 'State agriculture department' will provide loan at an interest rate of 2½ % per annum to the farmers who will engage themselves in the occupation and will also help the farmers in the marketing of the fishes. Kumar, decided to engage himself in the fishery occupation.

Identify the 'idea field' that helped Kumar to engage himself in fishery occupation.

2. 'व्यावसायिक सुअवसर' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'business opportunity' ?

3. 'साझेदारी' तथा 'संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय' में अधिकतम सदस्यों के आधार पर अन्तर दीजिए । **1**

Distinguish between "Partnership' and 'Joint Hindu Family Business' on the basis of maximum numbers of members.

4. 'यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक उपयोगी विचार को वाणिज्यिक मूल्य के अनुप्रयोग में परिवर्तित किया जाता है । इसमें निरन्तर विश्लेषणात्मक प्रयत्न द्वारा उद्यम अथवा सेवा के विवरण तैयार किये जाते हैं, विपणन रणनीति का विकास किया जाता है, वित्त का संगठन किया जाता है तथा प्रचालनों की कार्यनीति बनाई जाती है ।'

प्रक्रिया की पहचान कीजिए । **1**

'It is a process which involves the translation of a useful idea into an application which has commercial value. It takes persistent effort to work out analytically the details of enterprise or service, to develop marketing strategies, to organize finances and strategize operations.'

Identify the process.

5. 'वित्तीय एकात्मकता' (सिनर्जी) का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Financial Synergy' ?

6. गुंजन ने हाल ही में अपनी वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा सी.बी.एस.सी. से मान्यता प्राप्त स्कूल से उत्तीर्ण की है । वह स्वयं का व्यवसाय शुरू करना चाहती है परन्तु शुरू किए जाने वाले व्यवसाय की प्रकृति के विषय में निर्णय नहीं ले पा रही थी । एक दिन प्रात:काल सैर के समय उसके दादाजी पार्क में गिर गए तथा उन्हें चोट लग गई । उसने यह भी देखा कि उसके दादाजी प्राय: अपनी दवाइयाँ लेना भूल जाते थे । उसने सोचा कि इसी तरह की समस्या का सामना दूसरे बुजुर्ग भी करते होंगे । उसने एक ऐसा इलेक्ट्रोनिक यंत्र विकसित करने की सोची जो वृद्ध व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के मोबाइल से जुड़ा होगा तथा उन्हें उनकी अवस्थिति के बारे में सूचना देगा । यह यंत्र उनकी जेबों में रखा जायेगा । उसने इस यंत्र में एक समय सूचक भी लगाने की सोची जो बुजुर्गों को उनके दवा लेने के समय के बारे में भी सूचना देगा । उपरोक्त पंक्तियों में चर्चित उस अवधारणा को पहचानिए तथा इसके अर्थ का उल्लेख कीजिए जिसने गुंजन को समस्या के समाधान के लिए विचारों की संरचना में सहायता की । **2**

Gunjan has just passed her senior secondary examination from a CBSE affiliated school. She wanted to start her own business but was unable to decide about the nature of the business. One day during the morning walk her grandfather fell down in the park and was injured. She observed that her grandfather often forgets to take his medicines. She thought that the same problem may be faced by other old people. She thought to develop an instrument for old people that could be fitted with an electronic device connected to the mobile phones of the members of their family which could indicate the location of the old people when they go outside their homes. This device was to be kept in their pockets. She also thought to fit a timer in the instrument that could remind the old persons about the time of taking their medicines. Identify and state the meaning of the concept described in the above para that helped Gunjan in structuring her idea for solving the problem.

7. एक उद्यमी को व्यवसाय संगठन के कम्पनी प्रकार का चुनाव कब करना चाहिए ? किन्हीं चार बिन्दुओं की सूची दीजिए । **2**

When should an entrepreneur choose company form of business organization ? List any four points.

8. किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से बौद्धिक संपदा अधिकारों का अर्थ दीजिए । **2**

With the help of any two examples give the meaning of intellectual property rights.

9. शिल्पी लिमिटेड ने हर्बल टूथपेस्ट का उत्पादन आरम्भ किया । उन्होंने अनुसंधान किया कि बहुत सारे स्थापित उद्यम भी इसी प्रकार के उत्पादों का निर्माण कर रहे थे । कम्पनी ने अपने टूथपेस्ट का मूल्य, मूल्य-निर्धारण विधि – 'लागत जमा' के आधार पर किया । कुछ समय पश्चात् कम्पनी को आभास हुआ कि उन्हें उनके टूथपेस्ट की ग्राहकों से अच्छी अनुक्रिया प्राप्त नहीं हो रही है तथा उनके टूथपेस्ट का बाज़ार भाग 0.5% से कम है । चूंकि उनका टूथपेस्ट नया था, उन्होंने मूल्य-निर्धारण विधि को बदलने का निर्णय लिया ताकि आरम्भ में उन्हें ज्यादा ग्राहक प्राप्त हो सके ।

(क) शिल्पी लिमिटेड द्वारा अपनाई गई नई मूल्य-निर्धारण विधि की पहचान कीजिए ।

(ख) उपरोक्त (क) में पहचानी गई मूल्य-निर्धारण की नई विधि के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए । **2**

Shilpi Ltd. started the manufacturing of herbal toothpaste. They researched that large number of established enterprises were also manufacturing the similar type of products. The company fixed the price of their toothpaste on 'cost plus method' of pricing. After some time the company realized that they were not getting good response regarding their toothpaste from the customers and the market share of their toothpaste was less than 0.5% . Since their product was new, they decided to change the pricing method so that initially they could get more customers.

(a) Identify the new pricing method that was adopted by Shilpi Ltd.

(b) State any two advantages of the new pricing method identified in (a) above.

10. 'एच. एल. कैमिस्ट' सूची मूल्य पर 5% के बट्टे पर दवाइयाँ बेचती है । 1.3.2017 को 'एच.एल. कैमिस्ट' के द्वारा बेची गई दवाईयों का विवरण निम्न प्रकार से हैं :

| **ग्राहकों की संख्या** | **प्रति ग्राहक बिल की राशि** |
|---|---|
| | **₹** |
| 50 | 340 |
| 45 | 370 |
| 35 | 650 |
| 30 | 800 |
| 25 | 975 |

प्रति ग्राहक बेची गई दवाइयों की औसत राशि की गणना कीजिए । **2**

'H.L. Chemist' sells medicines at a discount of 5% on list price. On 1.3.2017 medicines as per details given below were sold by 'H.L. Chemist'.

| **No. of Customers** | **Per customer billed amount** |
|---|---|
| | **₹** |
| 50 | 340 |
| 45 | 370 |
| 35 | 650 |
| 30 | 800 |
| 25 | 975 |

Calculate the average amount of medicines sold per customer.

11. उन सामाजिक-आर्थिक लाभों की सूची दीजिए जिन्हें एक उद्यम अपने प्रस्तावित निवेश से प्राप्त करने की संभावना रखता है । **3**

List the socio-economic benefits that are expected to be acquired by an enterprise from its proposed investment.

12. निम्न सूचना से 'समता पर प्रत्याय' की गणना कीजिए :

पूँजी ₹ 6,00,000

10% ऋण ₹ 2,00,000

ब्याज पूर्व शुद्ध लाभ ₹ 1,40,000 । यह भी उल्लेख कीजिए कि प्रति रुपये एक लाख समता पर यह प्रत्याय क्या होगा ? **3**

From the following information, calculate 'Return on Equity' :

Capital ₹ 6,00,000

10% Loan ₹ 2,00,000

Net profit before interest ₹ 1,40,000. Also, state what is this return on rupees per lakh of equity.

13. गोपाल 23 वर्ष का एक नौजवान है । उसने एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से दर्जी का कोर्स किया है । वह एक पॉश कॉलोनी जहाँ पर विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में कार्यरत नवयुवक एवं नवयुवतियाँ रहती है, में एक बड़े आकार की दर्जी की दुकान आरम्भ करना चाहता है । वह अपने एक मित्र जिसने कपड़ा डिजाइनिंग प्रौद्योगिकी में बी.टेक. किया हुआ है, के पास दर्जी की दुकान आरम्भ करने के बारे में चर्चा करने के लिए गया । उसके मित्र ने उसे यह सुझाव दिया कि वह एक लिखित प्रपत्र तैयार करे जिसमें एक नया उपक्रम प्रारम्भ करने में निहित सभी प्रासंगिक बाह्य एवं आन्तरिक तत्त्वों का औपचारिक रूप से वर्णन हो । इससे न केवल प्रस्तावित उपक्रम की सम्भाव्यता एवं व्यवहार्यता को समझने में सहायता मिलेगी अपितु विचार की प्रगति एवं क्रियान्वयन के मार्ग में आने वाली अड़चनों के लिए प्रावधान करने एवं उनका मूल्यांकन करने में भी सुविधा मिलेगी ।

गोपाल ने अपने मित्र के साथ जिस अवधारणा पर चर्चा की, उसके महत्त्व के किन्हीं छ: बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए । **3**

Gopal is a young man of 23 years. He has completed a tailoring course from a industrial training institute. He wants to start a big size tailoring shop in a posh colony where young men and women working in various multinational companies line. He went to one of his friends who had completed a B.Tech. course in textile designing to discuss about the opening of the tailoring shop. His friend advised him to prepare a written document describing formally all the relevant external and internal elements involving in starting a new venture. It will not only help in understanding the feasibility and viability of the proposed venture but also facilitate in assessing and making provisions for the bottlenecks in the progress and implementation of the idea.

State any six points of importance of the concept discussed by Gopal with his friend.

14. शिवा तथा गौरी एक नौजवान जोड़ा है जिनका 4 वर्ष का पुत्र रोहन है । शिवा की नियुक्ति एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में है तथा वह जर्मनी में पदस्थ है । गौरी का स्वयं का एक कम्प्यूटर ट्रेनिंग संस्थान है तथा वह बेटे एवं अपने सास-ससुर के साथ बैंगलुरु की एक कॉलोनी में रहती है । गौरी अपने बेटे रोहन को बैंगलुरु के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में प्रवेश दिलाना चाहती है परन्तु वह विद्यालयों में जाने में असमर्थ है तथा एक ऐसे स्कूल जिसमें वह रोहन को प्रवेश दिला सके की पहचान नहीं कर पाई है । उसने इस विषय में शिवा से चर्चा की । शिवा ने समस्या की पहचान की तथा गौरी को परामर्श दिया कि वह बैंगलुरू के स्कूलों में प्रवेश, मूलभूत सुविधाओं व अन्य सम्बन्धित सूचनाओं को ऑनलाइन एकत्रित करे ताकि रोहन के प्रवेश के लिए एक उपयुक्त स्कूल की पहचान की जा सके । उसने गौरी को यह भी सुझाव दिया कि वह www.nurseryadmission.com नाम से एक वेबसाइट का विकास करें तथा वेबसाइट पर इस सूचना को डाल दे । यह वेबसाइट ऐसे अभिभावकों द्वारा देखी जा सकती है जो अपने बच्चों का प्रवेश नर्सरी कक्षा में अपने पसंद के स्कूलों में कराना चाहते हैं । शिवा ने गौरी को एक कम्प्यूटर ऑपरेटर नियुक्त करने के लिए भी कहा जो वेबसाइट को नियमित रूप से अपडेट करता रहे । गौरी द्वारा शुरू की गई वेबसाइट को बहुत से अभिभावकों ने ऑनलाइन ₹ 100 की फीस का भुगतान करके देखा ।

(क) उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित उद्यमिता अवधारणा की पहचान कीजिए ।

(ख) उपरोक्त (क) में पहचानी गई अवधारणा के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

(ग) ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए जिनका शिवा तथा गौरी ने पालन करने की चेष्टा की । 3

Shiva and Gauri is a young couple having a four year old son Rohan. Shiva is employed in a multinational company and is posted in Germany. Gauri has her own computer training institute and is staying with her son and in-laws in a locality of Bangaluru. Gauri wants to admit her son in a reputed school of Bangaluru but is unable to visit schools and identify the one, where she could admit Rohan. She discussed the matter with Shiva. Shiva identified the problem and advised Gauri to collect on-line data related to admission, infrastructure facilities and related information about schools of Bangaluru, so that a suitable school for Rohan could be identified. He also advised Gauri to develop a website www.nurseryadmission.com and upload the information of various schools on the website. This website could be visited by the parents who wish to admit their children in the nursery class in schools of their choice. Shiva also told Gauri to employ a computer operator for this purpose who could update the website regularly. Large number of parents visited the website started by Gauri on payment of an online fee of ₹ 100.

(a) Identify the entrepreneurship concept discussed in the above para.

(b) State the objectives of the concept identified in (a) above.

(c) Identify any two values that Shiva and Gauri tried to emulate.

15. व्यवसाय का क्या अर्थ है ? व्यावसायिक गतिविधियों के विभिन्न वर्गीकरणों की सूची बताइए । **3**

What is meant by business ? List the different categories in which business activities can be classified.

16. 'साझेदारी' का क्या अर्थ है ? साझेदारी फर्म के पंजीकृत न होने के परिणामों का उल्लेख कीजिए । **3**

What is meant by 'Partnership' ? State the consequences of non-registration of a partnership firm.

17. 'गोल्डन स्वीट्स' स्वाति तथा सुषमा के स्वामित्व वाली एक साझेदारी फर्म थी । 'असम स्वीट्स' विपन तथा प्रणव के स्वामित्व वाली एक दूसरी साझेदारी फर्म थी । स्वाति तथा सुषमा 1 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे तथा विपन एवं प्रणव 2 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । दोनों फर्म गुवाहाटी के एक प्रसिद्ध बाज़ार में स्थित थी तथा उनका व्यवसाय प्रतिस्पर्धी था । 'असम स्वीट्स' के साझेदार प्रणव ने देखा कि उनके बहुत से ग्राहक दूर दूर जगह से थे तथा यदि फर्म की शाखाएँ शहर के दूसरे क्षेत्रों में भी खोली जाये तो फर्म बहुत अधिक लाभ अर्जित कर सकती है । 'गोल्डन स्वीट्स' की स्थिति भी ऐसी ही थी । एक दिन एक साझा मित्र के घर एक कार्यक्रम में दोनों फर्मों के साझेदारों की भेंट हुई । दोनों फर्मों के साझेदार जानते थे कि उनकी फर्मों का आन्तरिक विस्तार महँगा पड़ेगा । अत: उन्होंने दोनों फर्मों के विलय का निर्णय लिया । इस उद्देश्य से विलय की शर्तों को अन्तिम रूप देने के लिए उन्होंने एक बार दोबारा मिलने का निर्णय लिया ।

अन्ततोगत्वा 1.1.2016 को उनकी फर्मों का विलय हो गया तथा एक नई फर्म 'असम गोल्डन स्वीट्स' का गठन चारों साझेदारों, स्वाति, सुषमा, विपन तथा प्रणव के साथ हुआ । उनका नया लाभ अनुपात 1 : 2 : 2 : 3 था । 31.12.2016 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म ने शहर के विभिन्न भागों में चार नई शाखाएँ खोली तथा विक्रय पर 30% लाभ कमाया ।

(क) दोनों फर्मों द्वारा प्रयुक्त विलय के प्रकार की पहचान कीजिए तथा इसका अर्थ बताइए ।

(ख) किन्हीं दो अन्य प्रकार के विलयों के नाम तथा अर्थ भी दीजिए । **3**

'Golden Sweets' was a partnership firm, owned by Swati and Sushma. 'Asam Sweets' was another partnership firm owned by Vipan and Pranav. Swati and Sushma were sharing profits in 1 : 2 ratio and Vipan and Pranav were sharing profits in 2 : 3 ratio. Both the firms were situated in a famous market of Guwahati and were doing competitive business. Pranav the partner of 'Asam Sweets' observed that many of their customers were from far off areas and if branches of 'Asam Sweets' are opened in other parts of the city, the firm may earn huge profits. Similar was the situation of 'Golden Sweets'. One day in a function at a common friends house, the partners of

both the firms met. The partners of both the firms knew that the internal expansion of their respective firms will be costly. Hence, they decided about the merger of the two firms. For this purpose they decided to meet again to finalise the conditions of merger. Finally on 1.1.2016 their respective firms were merged and a new firm 'Asam Golden Sweets' was formed with all the four partners Swati, Sushma, Vipan and Pranav. Their new profit sharing ratio was 1 : 2 : 2 : 3. During the year ended 31.12.2016 the new firm opened four new branches in different parts of the city and earned a profit of 30% on sales.

(a) Identify the type of merger adopted by the two firms and also give its meaning.

(b) Also give the names and meaning of two other types of mergers.

18. एक स्टार्ट-अप के लिए व्यावसायिक नियोजन के विभिन्न प्रारूपों का संक्षेप में वर्णन कीजिये । **4**

Describe briefly the formats for the business plan that a start-up may have.

19. विभिन्न प्रकार के ब्रान्ड नामों को समझाइए । **4**

Explain different types of brand name.

20. रमन ने 'स्ट्राँग बॉडी' नाम से एक जिम आरम्भ किया । उसने विभिन्न प्रकार की मशीनें तथा उपकरण लगाये तथा ग्राहकों को मशीनों के उपयोग में सहायता के लिए योग्य प्रशिक्षक नियुक्त किये । उसने आरम्भ में प्रति घण्टा कम शुल्क रखा ताकि गरीब परिवारों के नवयुवक एवं नवयुवतियाँ भी जिम की सुविधाओं का उपयोग कर सकें । बहुत शीघ्र उसका जिम लोकप्रिय हो गया तथा उसने तीन पारियों में प्रचालन आरम्भ कर दिया । इसके लिए उसने अतिरिक्त प्रशिक्षकों की नियुक्ति की । उसने अतिरिक्त मशीनें भी लगाई ताकि अधिक

ग्राहकों को प्रवेश दिया जा सके । एक वर्ष में वह अच्छा लाभ कमाने लगा । उसने पास के ही एक भवन को किराये पर ले लिया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक 'मनोरंजन तथा हेल्थ क्लब' बहुत कम फीस पर आरम्भ किया । उसने युवा लड़कों एवं लड़कियों को प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए सफाई अभियान में भाग लेने के लिए भी उत्साहित किया । वे इसके लिए सहमत हो गए तथा उन्होंने 'स्ट्राँग बाडी' जिम एवं 'मनोरंजन क्लब' के खुलने के एक घण्टा पूर्व प्रतिदिन आसपास के क्षेत्रों की सफाई के लिए समय देना प्रारंभ कर दिया ।

(क) रमन की उद्यमिता के अन्तर्गत हुए व्यवसाय में फैलाव को पहचानिए एवं समझाइए ।

(ख) ऐसे किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए जिन्हें रमन प्रचारित करना चाहता था । **4**

Raman started a gym named as 'Strong Body'. He installed large number of machines and equipments of different types and appointed qualified trainers to help the customers in the use of machines. Initially he kept a low fee per hour so that boys and girls belonging to the poor families may also avail the facilities of the gym. Very soon his gym became popular and he started operating in three shifts. For this he appointed additional trainers. He also installed extra machines so that more customers could be enrolled. In one year he started earning good profit. He took a nearby building on rent and started a 'Recreation and Health Club' for the senior citizens of the locality on very nominal charges. He also encouraged young boys and girls to participate in the cleanliness drive started by Prime Minister. They agreed and started giving one hour daily for cleanliness of the nearby areas before opening of the 'strong body' gym and 'recreation club'.

(a) Identify and explain the type of business expansion that took place under the entrepreneurship of Raman.

(b) Identify any two values that Raman tried to propagate.

21. मनोहर तथा मानव एक साझेदारी फर्म चला रहे थे । फर्म खाद्य तेलों के उत्पादन एवं विपणन में लगी हुई है । मनोहर उत्पादन तथा मानव व्यवसाय के अन्य प्रचालनों की देखरेख करता था । फर्म अच्छा व्यवसाय कर रही थी तथा उद्योग की लाभ दर से अधिक लाभ कमा रही थी । उनका व्यवहार ग्राहकों तथा व्यवसाय से जुड़े अन्य लोगों के साथ अच्छा था । वे अपनी मात्रात्मक योजनाएँ बहुत सावधानी से तैयार करते थे । उनके द्वारा उत्पादित खाद्य-तेल एफ.एस.एस.ए.आई. (fssai) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार थे ।

(क) मनोहर तथा मानव प्रत्येक द्वारा तैयार की जाने वाली मात्रात्मक योजना के एक-एक प्रकार को समझाइए ।

(ख) मनोहर तथा मानव द्वारा अपनाये गये किन्हीं दो मूल्यों की पहचान भी कीजिए । **4**

Manohar and Manav were running a partnership firm. The firm is engaged in the production and marketing of edible oils. Manohar was looking after the production and Manav used to look after the remaining operations of the business. The firm was doing good business and earning profits more than the rate of profit of the industry. They used to be fair in their dealings with the customers and other stakeholders of the business. They used to do their quantitative planning meticulously. The edible oil produced by the firm is as per the fssai Standards.

(a) Explain any one type of plan prepared each by Manohar and Manav with quantitative expressions.

(b) Identify any two values observed by Manohar and Manav.

22. जयश्री ने, एक आवासीय इलाके में जहाँ ज्यादातर सरकारी कर्मचारी रहते हैं, महिलाओं के लिए एक सिलेसिलाए वस्त्रों की दुकान आरम्भ की । उसे, अपने व्यवसाय को सफल बनाने हेतु, तरीके सुझाइए । **6**

Jaishree started a readymade garments shop for ladies in a residential area where mostly government servants live. Suggest her the ways to make her business a successful one.

23. घोष ने एक एकल स्वामित्व व्यवसाय शुरू किया । उसका अनुमान है कि प्रति वर्ष उसका विक्रय ₹ 12 लाख होगा । उसके मित्र बैनर्जी ने आयकर विभाग से उसे आवश्यक प्रलेख प्राप्त करने की सलाह दी । घोष इस प्रलेख के विषय में जानना चाहता था तथा उन पक्षों के बारे में भी जानना चाहता था जिनके पास यह प्रलेख होना चाहिए । बैनर्जी ने उसे इस प्रलेख का अर्थ समझाया तथा यह भी समझाया कि किस-किस वर्ग के पास यह होना चाहिए ।

उपरोक्त कथन के संदर्भ में :

(क) बैनर्जी द्वारा घोष को वर्णित प्रलेख का नाम तथा अर्थ दीजिए ।

(ख) उन विभिन्न वर्गों का भी उल्लेख कीजिए जिनके पास यह प्रलेख होना चाहिए । **6**

Ghosh started a sole proprietorship form of business. He expects that his annual turnover will be ₹ 12 lakhs. His friend Bannerjee advised him to obtain the necessary document from the Income Tax Department. Ghosh wanted to know about the document and also the parties who must have it. Bannerjee explained him the meaning of the document and also explained the different parties who must have it.
In the light of the above statement :

(a) Give the name and meaning of the document explained by Bannerjee to Ghosh.

(b) Also, state the parties that must have this document.

24. 'यह प्रभावी एवं सुगम रूप में वित्तीय स्रोतों को निवेशकों से उद्यमियों को स्थानान्तरण का व्यवस्थित तंत्र हैं ।'

(क) इस तंत्र की पहचान कीजिए तथा इसके विभिन्न प्रकारों की सूची दीजिए ।

(ख) उपरोक्त (क) में पहचाने गये तंत्र के अन्तर्गत स्थापित की जाने वाली व्यक्तियों की संस्था का नाम बताइए । साथ ही निवेशकों को इसके महत्त्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को भी समझाइए । **6**

'It is an organized mechanism meant for effective and smooth transfer of financial resources from the investors to the entrepreneurs.'

(a) Identify the mechanism and list its different types.

(b) Name the association of persons established under the mechanism identified in (a) above. Also explain any four points of its importance to investors.